परेशानी ▶ टूटी फूटी सड़क से आवागमन बना गांव वालों की मजबूरी

# सूरतलाई से रैयाखेड़ा मार्ग के धुर्रे उड़े





**नवभारत, बेलखाडू।** कटंगी जबलपुर रोड पर बसे ग्राम सूरतलाई से पूर्व दिशा में 4 किलोमीटर अंदर बसे ग्राम रैयाखेड़ा तक आवागमन हेतु मुख्य मार्ग है। कटंगी प्रमुख सड़क से रैयाखेड़ा के बीच बिलखरवा, पड़वार खुर्द ग्राम के लिए भी यही प्रमुख सड़क है जिससे तीनों गांवों के नागरिक कष्टप्रद आवागमन कर रहे हैं।

## पूर्व में 52 लाख से हुआ था निर्माण

मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क संपर्कता कार्यक्रम अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बिलखरबा से पड़वार तक 52 लाख 21 हजार रुपए से एजेंसी के माध्यम से इस सड़क का डामरीकरण निर्माण कार्य 2018 में कराया गया था। जिसका 5 वर्ष तक एजेंसी के द्वारा मेंटिनेंस बॉन्ड था एक निश्चित राशि प्रति वर्ष मेंटिनेंस हेतु तय थी। गांव के लोग जानकारी देते हुए आगे बताते हैं कि रोड निर्माण के बाद दोबारा मेंटिनेंस नहीं होने से मुख्य रोड के धुर्रे उड़ गए। वर्षों से सड़क किनारे की झाड़ियां भी नहीं काटी गई और ना ही सड़क की साफ सफाई हुई।

### आदिवासी-हरिजन व किसानों का ज्यादा आवागमन

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी अनुसार तीनों गांवों में आदिवासी, हरिजन लोगों का बड़ी संख्या में बस्तियों में निवास है साथ ही इसी मार्ग पर अनेकों किसानों के खेत है। तीनों वर्ग के श्रमिक, स्कूली बच्चों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। साल दर साल रैयाखेड़ा तक सड़क दुर्दशा की शिकार हो रही है। इस पर आवागमन करना गांव वालों की मजबूरी है।

### ग्रामीणों की मांग

इस मार्ग पर रहने वाले शेरा गोटिया, चांदनी नट, मंगो बाई कोल, काजू कोल, सुरेश कोल, बेड़ी लाल कोल, सुरेश चढ़ार, संगीता चढ़ार, विशाल पटेल, रमेश पटेल सहित अन्य ने सड़क की वर्षों की इस को समस्या बताते हुए शीघ्र ही नवीन सड़क निर्माण की मांग जनप्रतिनिधियों से की है।

# कलेक्टर ने स्कूलों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से किया संवाद

▶ शैक्षणिक गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन और व्यवस्थाओं की ली जानकारी



**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने मझौली विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीताल एवं सांदिपनी विद्यालय मझौली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में उपलब्ध स्टाफ, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता, खेल-कूद गतिविधियों एवं मध्यान्ह भोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई से जुड़ी जानकारी ली। सांदिपनी विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला का अवलोकन करते हुए साफ-सफाई एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की। साथ ही विद्यालय के हैंडओवर रजिस्टर की जांच कर निर्माण एजेंसी से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### जीविका आश्रम का किया निरीक्षण

कलेक्टर और सीईओ ने मझौली के पास स्थित जीविका आश्रम का भी निरीक्षण किया। वहां उन्होंने सहयोग की अर्थव्यवस्था से संचालित इस जीविका आश्रम के विभिन्न गतिविधियों को देखा। यहां विशेष रूप से गांव की टेक्नॉलॉजी को मूल रूप में ही पुनर्जीवित कर मौजूदा ग्रामीण समस्याओं को दूर करने की गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही आश्रम में विज्ञान, पर्यावरण, कला और सामाजिकता की व्यवस्था तंत्र के संबंध में चर्चा की गई।

**आवेदन पत्रों में विषय संशोधन की अंतिम तिथि 10 तक बढ़ी -नवभारत ,जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश के संभागीय कार्यालय जबलपुर ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा सत्र 2025-26 के आवेदन पत्रों में विषय संशोधन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र-छात्राएं अथवा संस्था के प्राचार्य ऑनलाइन माध्यम से विषयों में हुई त्रुटि का सुधार 10 जनवरी 2026 तक कर सकेंगे। शिक्षा मण्डल द्वारा पूर्व में जारी किए गए अन्य सभी नियम एवं निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

# खुले चैम्बर दे रहे मौत का न्योता, प्रशासन बेखबर



**नवभारत, मझौली ।** नगर परिषद कार्यालय से महज़ कुछ ही कदमों की दूरी पर खुले पड़े नाली के चैम्बर राहगीरों के लिए हर पल दुर्घटना का खतरा बने हुए हैं। हैरानी की बात यह है कि जहाँ से रोज़ जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी गुजरते हैं, वहीं खुले चैम्बर मौत को दावत दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों की नज़र अब तक नहीं पड़ी।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार यह इलाका अत्यधिक व्यस्त है। दिनभर पैदल राहगीर, दुपहिया वाहन, बुज़ुर्ग, महिलाएँ और स्कूली बच्चे इसी मार्ग से गुजरते हैं। रात के समय या बारिश के दौरान खुले चैम्बर दिखाई भी नहीं देते, जिससे गिरने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। हाल ही में कुछ लोग फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन नगर परिषद ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सबसे गंभीर सवाल यह है कि नगर परिषद कार्यालय के बिल्कुल पास इस तरह की लापरवाही कैसे बनी हुई है? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन जागेगा?

नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते चैम्बर को ढका नहीं गया तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से तत्काल खुले नाली चैम्बरों को ढकने, चेतावनी संकेत लगाने और पूरे क्षेत्र की सुरक्षा ऑडिट कराने की मांग की है। अब देखना यह है कि नगर परिषद मझौली इस गंभीर खतरे पर कब तक आंखें मूंदे रखती है, या फिर किसी अनहोनी के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।



## श्रीराम की नीति सुधार की नहीं, स्वीकार की है

**नवभारत,पाटन।** श्रीराम अति उदार हैं. वे शरण में आने वालों की पात्रता -गुण-अवगुण या भाव पर विचार किये बिना वह जैसा है, वैसे ही स्वीकार कर लेते हैं. वे उसके सुधरने की प्रतिक्षा नहीं करते चाहे विषय - वासना में डूबा सुग्रीव हो, कुछ प्राप्त कामना की लेकर आने वाला विभीषण हो या फिर कुछ न चाहने वाला केवट हो वे अपना पण नहीं बदलते, उक्त आशय के उदगार रामानन्दाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य अयोध्या ने 22वें श्रीराम कथा महोत्सव पाटन में व्यक्त किये। प्रारम्भ में पीठ पादुकाओं एवं व्यास पीठ का पूजन मानस सत्संग परिवार के डा. रणधीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, घनश्याम बबेले, गौरीशंकर तिवारी तथा शिव कुमार वाजपेई आदी ने किया। विधायक अजय विश्नोई सहित गण मान्य जनों ने महाराज का स्वागत किया। मंच संचालन राघवेन्द्र शुक्ल ने किया

# गौशाला परिसर में 60 दीपकों से ऐलक गोसलसागर की आरती की गई

▶ गोसलसागर के अवतरण दिवस पर गौशाला में शांति विधान, भक्ताम्बर पाठ एवं गौसेवा का आयोजन





**सिहोरा , नवभारत।** को गोसलपुर नगर की पावन धरती पर स्थित दिव्योदय तीर्थ एवं विद्यासागर सेवाश्रम समिति की गौशाला, सम्मेदगिरी गोसलपुर में नगर गौरव, गौशाला के संस्थापक, अभिनव खारवेल भिक्षु, उदयगिरि-खंडगिरी उद्धारक, 105 ऐलक गोसलसागर जी महाराज के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर एक गरिमामय एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात:काल शांति विधान के मंगल पाठ से हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, गौवंश संरक्षण एवं समाज के कल्याण की कामना की। इसके पश्चात गौशाला परिसर में 60 दीपकों से ऐलक श्री गोसलसागर जी महाराज की भव्य आरती की गई। आरती के साथ-साथ भक्तों द्वारा भक्ताम्बर स्तोत्र का सामूहिक पाठ भी किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया।अवतरण दिवस के अवसर पर गौशाला में निवासरत समस्त गौवंशों को औषधि युक्त गुड़ के लड्डुओं का वितरण किया गया। समिति द्वारा यह जानकारी दी गई कि यह सेवा कार्य पूरे शीतकाल तक प्रतिदिन नियमित रूप से जारी रहेगा, जिससे गौवंशों के स्वास्थ्य संरक्षण में विशेष सहायता मिलेगी।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के संयोजक अरुण जैन, अंकुर जैन एवं राकेश जैन रहे, जिनके कुशल संयोजन से संपूर्ण आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफल रहा। वहीं अनिल जैन ने कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष की भूमिका निभाते हुए व्यवस्थाओं का नेतृत्व किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुनील जैन, गुड्डा जैन, आज़ाद जैन, अमित जैन, आशीष जैन, अरुण जैन, डॉ. सुनील डियोरिया, राकेश जैन, संजय जैन, अनिल जैन, धर्मेंद्र जैन, यतेंद्र जैन, अंकुर जैन, सुशील जैन, बिहारी लाल रजक सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य, श्रद्धालु एवं गौभक्त उपस्थित रहे।अंत में उपस्थित जनसमूह ने 105 ऐलक गोसलसागर जी महाराज के त्याग, तपस्या एवं गौसेवा के कार्यों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्ण एवं भावविभोर वातावरण में हुआ।

# पेयजल परीक्षण के लिए जल्द गठित की जाए सर्वदलीय कमेटी



▶ कांग्रेस पार्षद दल ने निगमायुक्त से की मांग

नवभारत,जबलपुर। कांग्रेस पार्षद दल ने शुद्ध पेयजल परीक्षण के लिए सर्वदलीय कमेटी के गठन के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार को पत्र सौंपा है। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा एवं पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने बताया कि शहर में नगर निगम द्वारा सप्लाई किये जाने वाले पेयजल के परीक्षण के लिए जल्द ही पारदर्शी सर्वदलीय कमेटी बनाना बहुत जरूरी हो गया है क्योंकि इंदौर के भागीरथपुरा की घटना से जबलपुर का हर एक नागरिक सहमा हुआ है। इस कमेटी के गठन से जनता में कोई शंका नहीं रहेगी। कांग्रेस पार्षद दल ने जिम्मेदारों को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांग पूरी नहीं की जाती तो कांग्रेस पार्षद दल द्वारा आने वाले समय में आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस पार्षद दल ने स्पष्ट कहा कि शहर के कई इलाकों में अभी भी दूषित पानी आ रहा है और पानी के सैंपल लेने जाने वाले जिम्मेदार साफ पानी की जांच रिपोर्ट सभी के सामने पेश कर रहे हैं और खराब पानी के सैंपल की रिपोर्ट व पानी छिपा ले रहे हैं जो कि शहरवासियों के साथ एक बड़ा धोखा है।

# दूषित पानी से मौतों के विरोध में महिला कांग्रेस का कैंडल मार्च



**नवभारत,जबलपुर।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई निर्मम मौतों के विरोध में महिला कांग्रेस द्वारा प्रदेशव्यापी आह्वान पर कैंडल मार्च निकाला गया। प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेठिया के निर्देशानुसार सिविक सेंटर स्थित वंदे मातरम् चौक पर महिला कांग्रेस ने दो मिनट का मौन रखकर मोमबत्तियां जलाईं और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

झकार्यक्रम की आयोजिका रेखा विनोद जैन ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस गंभीर लापरवाही की जिम्मेदारी लेते हुए संबंधित सरकारी प्रतिनिधि को त्यागपत्र देना चाहिए। कैंडल मार्च में रेखा विनोद जैन, कौशल्या गोटियां, इंदिरा पाठक तिवारी, विनीता सिंह यादव, संगीता त्रिपाठी, मनीषा अवस्थी, रुक्मणि गोटियां, किरण ठाकुर, बलविंदर मान, कीर्ति सिंह, खुर्शीद अंसारी, राखी रज्जू सराफ, भावना निगम, श्वेता डूबे, मीनाक्षी स्वामी सहित अन्य महिला कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहीं।



# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत घाट सिमरिया गांव में जागरूकता कार्यक्रम

**सिहोरा, नवभारत ।** 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत आज परियोजना टीम द्वारा ग्राम घाट सिमरिया में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर श्री लोकेंद्र शर्मा (सेफ्टी इंचार्ज), श्री संजय मिश्रा (।क्र मैनेजर) एवं कॉरिडोर टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान पैदल यात्रियों को सुरक्षित पैदल चलने व सड़क पार करने, दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट उपयोग, गति नियंत्रण एवं आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव, तथा अभिभावकों को छोटे बच्चों को सड़क से दूर रखने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही रात्रि एवं कम दृश्यता की स्थिति में रिफ्लेक्टर व लाइट के उपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।


## पश्चिम मध्य रेल

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/113/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **https://ireps.gov.in"** पर ''ई'' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्र | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 30251537 | रबर PAD फॉर प्राइमरी सस्पेंशन फॉर FIAT IR बोगी | 7297नं. | 29/01/2026 |
| 2. | 81255507 | Manufacture एंड सप्लाई ऑफ Joggled फिश प्लेट्स 60kg रेल्स विथ डबल "D" होल | 21112 पेअर | 29/01/2026 |
| 3. | 40252745C | इमरजेंसी बैटरी चार्जर फॉर EOG टाइप | 334 नं. | 02/02/2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

हस्ता

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO No. 738 DATE 07/01/2026 / Tender Id No. 2026_UAD_473339_1 | संभाग क्र. 09 लालमाटी अंतर्गत सेठ गोविंददास वार्ड क्रमांक 47 में छोटी संतोषी माता मंदिर से मच्छू होटल मेन रोड की ओर तक नाला निर्माण कार्य ।(2nd Call) | 04 माह / 19.20/- | 2,000/- / 14,400/- | 27/01/2026 |
| 2. | PRO No. 738 DATE 07/01/2026 / Tender Id No. 2026_UAD_473339_2 | संभाग क्र. 09 लालमाटी अंतर्गत सिद्धबाबा वार्ड कमांक 48 शिव शक्ति मंदिर हनुमान होटल के पास एवं साहू मोहल्ला में नाला निर्माण कार्य। (3rd Call) | 03 माह / 14.85/- | 2,000/- / 11,140/- | 27/01/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in में पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर

## कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ce.tender.wrdmp@gmail.com फोन : 0755--2767635 फेक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना कमांक -1194/2025-26 / प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 02/01/2026

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 23/01/2026 को 17:30 बजे तक क्रय /डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_WRD_472819 | कान्याखेड़ी सिंचाई परियोजना, आष्टा परियोजना के डूब क्षेत्र में आ रही MPPTCL की 220KV एवं 132KV विद्युत ट्रांसमिशन लाइन्स की शिफ्टिंग एवं मॉडिफिकेशन का कार्य। | सीहोर | 1660.25 |
| 2. | 2026_WRD_472821 | मल्हारगढ़ दाबयुकत सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को बिजली आपूर्ति के लिये 132 के.व्ही. एस/एस मल्हारगढ़ से 21.243 कि.मी. की 132 के.व्ही. डीसीएसएस लाईन का निर्माण और 132 के.व्ही. सब स्टेशन मल्हारगढ़ में 01 नग 132 के.व्ही. फीडर बे का निर्माण कार्य। | मंदसौर | 1506.09 |

जी-24045/25 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र. 1 जबलपुर

निविदा सूचना क्र. 36 वर्ष 2025-26 टेन्डर लिपिक 25/ जबलपुर, दिनांक 05/01/2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर ऑनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु.राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_PWDRB _473287_pack1 | उपसंभाग क्र.1 अंतर्गत मंझौली पुलिस स्टेशन अंतर्गत बगिया मोहल्ला से इन्द्राना पीर बाबा घटिया एवं डुन्डी में लॉन्ग टर्म ब्लैक स्पॉट रेक्टिफिकेशन कार्य। | प्रथम | 26.34 | 26340.00 | 5000.00 | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| | | कुल योग | | 26.34 | | | |

टीप:- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 12/01/2026 17:30 बजे तक है। अन्य तिथियों एवं विस्तृत व संशोधन ऑनलाईन वेबसाईटड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है ।किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटन पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग क्र. 1 जबलपुर

जी-24062/25 स्वभाव स्वच्छता,संस्कार स्वच्छता

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक-1 बालाघाट (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक-31/व.ले.लि./2025-26 निविदा आमंत्रण सूचना बालाघाट, दिनांक-01/01/2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर क्र. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2026_ PWDRB_ 472597 | बालाघाट | विशेष मजबूतीकरण कार्य । (1) गर्रा पिपरिया मार्ग लम्बाई 2.20 कि.मी.(2) सेलवटपार टुईयापार मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी.(3) ब्राम्हनटोली डोके काथुरना मार्ग लम्बाई 4.00 कि.मी.(4) कोथुरना गोंडीटोला मार्ग लम्बाई 1.00 कि.मी.(5) आरंभा बकोड़ी मार्ग लम्बाई 4.40 कि.मी.(6) आगरी जर्राहमोहगांव मार्ग लम्बाई 2.40 कि. मी., कुल लम्बाई 13.00 कि.मी.। | प्रथम आमंत्रण | 249.13 | 249200.00 | 15000.00 | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2. | 2026_ PWDRB_ 472598 | बालाघाट | विशेष मजबूतीकरण कार्य । (1) जेवनारा से करेगांव मार्ग लम्बाई 2.30 कि.मी.(2) कुल्पा से चिचमटोला मार्ग लम्बाई 2.20 कि.मी.(3) बेनेगांव से कटोरी मार्ग लम्बाई 1.80 कि.मी.।(4) बेनेगांव से साल्हे मार्ग लम्बाई 2.80 कि.मी. (5) बहेला से गोर्रे मार्ग लम्बाई 2.40 कि.मी., कुल लम्बाई 11.50 कि.मी.। | प्रथम आमंत्रण | 218.93 | 219000.00 | 15000.00 | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| 3. | 2026_ PWDRB_ 472599 | बालाघाट | विशेष मजबूतीकरण कार्य । (1) डोंगरिया लेण्डेझरी मार्ग लम्बाई 2.60 कि.मी.(2) बघोली टेकाड़ी मार्ग लम्बाई 2.40 कि.मी. (3) कनकी मांझापुर मार्ग लम्बाई 1.90 कि.मी. (4) बेहरई लेण्डेझरी कायदी मार्ग लम्बाई 4.00 कि.मी., कुल लम्बाई 10.90 कि.मी. कार्य | प्रथम आमंत्रण | 196.35 | 196350.00 | 12500.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| 4. | 2026_ PWDRB_ 472600 | बालाघाट | विशेष मजबूतीकरण कार्य। (1) लिंगा खरपड़िया मार्ग लम्बाई 1.30 कि.मी. (2) कटंगा उड़दना मार्ग लम्बाई 5.00 कि.मी. (3) रुपझर दीनाटोला मार्ग लम्बाई 1.30 कि.मी.(4)ठाकुरटोला पहुँच मार्ग लम्बाई 0.50 कि.मी., कुल लम्बाई 8.10 कि.मी.। | प्रथम आमंत्रण | 164.06 | 164060.00 | 12500.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| 5. | 2026_ PWDRB_ 472601 | बालाघाट | तिरोड़ी चाकाहेटी बम्हनी मार्ग लम्बाई 9.60 कि. मी. प्रस्तावित लम्बाई 6.60 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। (चैनेज 2/2 से 5/2,6/4 से 9/6)। | प्रथम आमंत्रण | 140.34 | 140340.00 | 12500.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| | | | | कुल योग | 968.81 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 19 / 01 / 2026 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि( EMD ) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

जी-24057/25 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता